## सार-समाचार

### इफ्तार के बाद निकाला जूलुसे हुसैनी

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के अम्बावगढ पर स्थित दरगाह गंजे शहीदा सरकार की दरगाह पर रविवार को इल्मी व बरेलवी सुन्नी मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी उदयपुर के तत्वावधान में यौमे आशुराह के मौके पर पैगम्बरे इस्लाम के नवासे हजरत इमाम हुसैन व शोहदाए कर्बला की याद में कुरआन ख्वानी,रोजा इफ्तार व जूलुसे हुसैनी सहित कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। दरगाह कमेटी से जुडे मोहसिन हैदर ने बताया कि अम्बावगढ दरगाह पर हर साल की तरह इस साल भी यौमे आशुराह पर सायं नमाजे अस्त्र के बाद दरगाह परिसर पर स्थित मस्जिद में कुरआन ख्वानी की गई जिसमें कुरआन शरीक पढा गया। साथ ही शहर भर के लोगों द्वारा पढा गया कलामे पाक को इकट्ठा फातिहा ख्वानी में पेश किया गया। फातिहा ख्वानी दरगाह मस्जिद के इमाम मौलाना बाबुल हुसैन द्वारा पढी गई। उसके बाद मगरिब की नमाज से पहले दरगाह पर मौजूद रोजेदार लोगों द्वारा रोजा इफ्तार किया गया। साथ ही बाद नमाजे मगरिब जमाअत रजाए मुस्तफा के सदर व मस्जिद हुज्जतुल इस्लाम बीच की मस्जिद सिलावटवाडी के इमाम हजरत मौलाना मुसन्ना जहांगीरी की सदारत में जूलुसे हुसैनी निकाला गया जो कि सिलावटवाडी- नई पुलिया से होते हुए आस्तानाए आलिया पर हम्द,नात, मनकबत पढते पहुंचा। जहां पर नातख्वानी, तकरीर व सलातो सलाम के बाद फातिहा ख्वानी की गई। इस अवसर पर दरगाह कमेटी के सदर गुलाम मोइनुद्दीन कादरी राजा भाई व कमेटी के मेम्बरान सहित अब्दुल हुसैन खान,शेख जाकिर हुसैन,हाजी सलीम खान, हाजी अकील खान, अनीस अब्बासी,मोहसिन हुसैन अज्हरी,हाजी आरिफ खान,नईम अहमद,वहीद अहमद शेख, अमजद ,इरफान मन्सूरी,अनवर मन्सूरी,आबिद खान,इस्हाक मोहम्मद, हबीब नबी खान, समीर भाई,अब्दुल कादिर छीपा आदि मौजूद थे। इधर दाउदी बोहरा समुदाय ने भी इस्लाम के पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब के नवासे हजरत और सैय्यदा फातिमा के बेटे इमाम हुसैन और उनके 72 साथियो की शहादत की याद में यौम ए आशूरा मनाया।इमाम हुसैन की शहादत की याद में हर वर्ष निकलने वाला अजादारी मातमी जुलुस यौमे आशूरा पर दोपहर 2 बजे बोहरवाडी स्थित मोहियदपुरा मस्जिद से वजीहपुरा मस्जिद तक निकाला गया।जुलुस में अब्बास अलमबरदार के अलम निकाले गए।

### अफीम के दो आरोपी गिरफ्तार

**बांसवाड़ा, (निसं)।** गत 10 मई 2023 को बांसवाड़ा पुलिस द्वारा नाकाबंदी के दौरान जब्त की गयी 16 किग्रा. अफीम के फरार आरोपियों को अनवेक्षण अधिकारी गोपीचंद मीणा ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में पेष किया जायेगा। ध्यान रहे कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उदयपुर संभाग की यात्रा को लेकर पुलिस प्रषासन मुस्तैदी से जुटा था। इसी दौरान कोतवाली थाना पुलिस ने जिले की तब तक की बड़ी सफलता दर्ज कराते हुए 16 किग्रा. अफीम बरामद की थी लेकिन दोनों ही आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गये थे। इस मामले का अनवेक्षण पुलिस उपअधीक्षक गोपीचंद मीणा कर रहे थे। ध्यान रहे कि नाकाबंदी के दौरान रतलाम मार्ग स्थित कागदी पिकअप पर वाहनों की तलाषी ली जा रही थी। इसी दौरान मध्यप्रदेष के रतलाम की तरफ से आ रही एक कार को रूकने का ईषारा किया। पुलिस कार वाले से पूछताछ कर रही थी कि पीछे से आ रहे एक अन्य कार चालक ने पहले तो अपने वाहन को धीरे किया और बाद में कार तेज गति से भगाकर षहर की ओर ले गया। पुलिस ने आस-पास के नाकाबंदी वाले क्षेत्रों में सूचना दी लेकिन कार के संबंध में कोई सूचना नहीं मिली। कार चालक कार को लड्ढा हॉस्पिटल वाली गली में ले गया। इसी दौरान कार सवार बदमाषों ने काले रंग के बैग को फेंक दिया और किषनपोल गेट के पास गाड़ी को लावारिस छोडकर कागदी नाले की झाडियों की आड़ में अंधेरे में फरार हो गये। पुलिस दल ने जब बैग की तलाषी ली तो उसमें 16 किलो 25 ग्राम अफीम निकली जिसकी कीमत लगभग 32 लाख रूपये आंकी गयी। लंबे समय से मामले के आरोपी फरार चल रहे थे और अनवेक्षण का जिम्मा पुलिस उप अधीक्षक गोपीचंद मीणा के जिम्मे किया गया। मीणा ने मामले में सुभाशचन्द्र पुत्र बचनाराम विष्नोई निवासी नोखड़ा, थाना भोजासर, जिला फलोदी व लक्ष्मणदास पुत्र बाबुराम विष्नोई, निवासी जेसला, थाना भोजासर, जिला फलोदी को गिरफ्तार कर जिला एवं सेंषन न्यायालय में पेष किया जहां से इन्हें 7 जुलाई तक के पुलिस रिमांड पर दिया है। आज रिमांड अवधि पूर्ण होने पर दोनों को न्यायालय में पेष किया जायेगा।

### तनिमा साहित्यिक संस्थान की कवि गोष्ठी आज

**उदयपुर,(कासं)।** शहर की साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्था तनिमा की ओर से सोमवार को मशहूर कवि एवं साहित्यकार पूर्व आईएएस मनोज शर्मा (जयपुर) के सम्मान में विशेष कवि गोष्ठी का आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर नगर के प्रबुद्ध कविगण उपस्थित होंगे। भारतीय प्रशासनिक सेवा से सेवानिवृत्त मनोज शर्मा की पिछोला झील पर लिखी अपनी कविता मेरी झील काफी चर्चित रही है। संस्थान की संस्थापिका कवयित्री डॉ.शकुंतला सरूपरिया ने बताया कि तनिमा संस्थान हमेशा ही विभिन्न स्थानों से उदयपुर आने वाले वरिष्ठ साहित्यकारों का सम्मान करता आया है। इसी क्रम में ख्यातिप्राप्त कवि शर्मा के सम्मान में गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

### जलापूर्ति बाधित रहेगी आज

**उदयपुर,(कासं)।** कानपुर हेडवर्क पर विद्युत व्यवधान होने से उपखंड सप्तम से सोमवार को होने वाली जलापूर्ति कम दबाव व कम समय के लिए होगी। सहायक अभियंता यामिनी उपाध्याय ने बताया कि वार्ड 40 के सूर्य नगर, आकाशवाणी कॉलोनी, अरिहंत विहार, खेमपुर, भोइवाडा, गोपीनगर, डिमरी बस्ती, शनि महाराज कॉलोनी की गली, उदय विहार, मठ मादडी, मादडी इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 1 से 12 तक आदि एवं वार्ड 41 की यूआईटी कॉलोनी टंकी से होने वाली सप्लाई से जुडे सभी क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

# ट्रेड यूनियन हड़ताल को मिला किसान व आदिवासी संगठनों का समर्थन

■ अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिलाध्यक्ष घनश्याम तावड ने कहा कि किसानों में भी आदिवासी किसान नर्क का जीवन जीने को मजबूर है

**उदयपुर,(कासं)।** केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के विरोध में 9 जुलाई को आयोजित होने वाली देश व्यापी हडताल को उदयपुर के किसान और आदिवासी संगठनों ने भी समर्थन दिया।

यह जानकारी देते हुए ट्रेड यूनियन काउंसिल के संयोजक पी एस खींची ने बताया कि किसान और आदिवासी संगठनों की बैठक मेवाड किसान संघर्ष समिति के संयोजक विष्णु पटेल की अध्यक्षता में रविवार को शिराली भवन में हुई ! बैठक में विष्णु पटेल ने कहा कि जब केंद्र सरकार ने किसान विरोधी तीन काले कानून को देश में लागू करने की कोशिश की उस समय देश के सभी मजदूर संगठनों ने किसानों के साथ एकता बना व्यापक आंदोलन से केंद्र सरकार को यह काले कानून वापस लेने को मजबूर किया। उन्होंने कहा कि अब केंद्र सरकार देश में मजदूरों के अधिकारों के 44 कानून को खत्म कर उन्हें तीन संहिता में बदल रही है जिस पर देश का किसान भी मजदूरों के साथ एकता बना इसे लागू नहीं करने देगा। उन्होंने कहा कि देश के विकास में मजदूरों और किसानों का प्रमुख योगदान है लेकिन केंद्र सरकार की नीतियां उन्हें बर्बाद करने पर तुली हुई है जिसका कडा विरोध किया जाएगा। बैठक में अखिल भारतीय आदिवासी महासभा के जिलाध्यक्ष घनश्याम तावड ने कहा कि किसानों में भी आदिवासी किसान नर्क का जीवन जीने को मजबूर है लेकिन भाजपा के जनप्रतिनिधि और नेता उनके जीवन से जुडे मुद्दों पर उन्हें भटका हिंदू और गैर हिंदू होने के नाम पर बांटने का काम कर रहे हैं,लेकिन आदिवासी नहीं बटेगा और वह मनरेगा में 200 दिन काम व 600 रुपये प्रति दिन मजदूरी, वन अधिकार के पट्टे, फसलों पर एमएसपी की गारंटी, आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर व्यापक एकता बना जन संघर्ष तेज करेगा।

बैठक में अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष प्रभु लाल भगोरा, आदिवासी जनाधिकार एका मंच के जिलाध्यक्ष प्रेम पारगी,राजस्थान किसान सभा के जिलाध्यक्ष देवीलाल डामोर ने भी विचार रख 9 जुलाई को होने वाली हडताल को अपना समर्थन देते हुए किसानों एवं आदिवासियों के भी 9 जुलाई को आयोजित होने वाली रैली में भाग लेने का विश्वास दिलाया।

खींची ने बताया कि 9 जुलाई के आयोजित होने वाली हडताल की तैयारी के लिए सीटू ने जिला सचिव हीरालाल सालवी की अध्यक्षता में एक अन्य बैठक हुई। बैठक में सीटू के जिलाध्यक्ष राजेश सिंघवी ने बताया कि यह औद्योगिक हडताल मजदूर संहिता को वापस लेने, वेतन कटौती, छटनी,महंगाई पर रोक लगाने, न्यूनतम मजदूरी 26000 रुपए प्रतिमाह घोषित करने, सामाजिक पेंशन 10000 रुपये महीना घोषित करने, ठेका व्यवस्था बंद करने, आशा सहयोगिनी सहायका, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को नियमित करने, पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने, सभी मजदूरों को पीएफ ईएसआई और कार्यस्थल पर सुरक्षा की गारंटी देने, सफाई कर्मचारियों को नियमित करने,खान मजदूर की सुरक्षा की गारंटी करने, राष्ट्रीय संपत्तियां सरकारी उपक्रमों को बेचने पर रोक लगा सार्वजनिक सेवाओं का निजीकरण बंद करने के का मुद्दा शामिल है। इसके अलावा सभी प्रकार के कृषि यंत्रों खाद बीज को कीटनाशक दवाओं पर सभी तरह के टैक्स समाप्त करने,सहारा आदर्श संजीवनी जैसी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी में निवेशकों की जमा राशि का भुगतान कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही उन्हें दंडित करने, उदयपुर पैराफेरि क्षेत्र के निवासियों को अतिक्रमण के नाम पर की जा रही बेदखली रोक उनके कब्जे की पूरी जमीन के पट्टे देने,ठेला फुटपाथ व्यवसायीयो को अतिक्रमणऔर नो वेडिंग जोन के नाम पर की जा रही बेदखली पर रोक लगा उनके रोजगार और सम्मान की सुरक्षा के साथ पथ विक्रेता अधिनियम की पालना करने,निर्माण मजदूर कल्याणकारी बोर्ड में भ्रष्टाचार पर रोक लगाने,घरेलू कामगार महिलाओं को सुरक्षा के लिए कानून लागू करने, दवा सहित आवश्यक वस्तुओं का मूल्य नियंत्रित कर उनको जीएसटी से मुक्त करने जैसी मांगों को लेकर किया जा रहा है।

पी एस खींची ने बताया कि 9 जुलाई को सुबह 11 बजे मजदूर किसान संगठनो के कार्यकर्ता टउन हाल से रेली प्रारंभ करेंगे,जो रेली कलेक्ट्री पहुंचेगी और वहाँ प्रदर्शन कर सभा आयोजित कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

## धर्मेटा में पैंथर पिंजरे में कैद

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय के समीपवर्ती ग्राम पंचायत पिपलांत्री के धर्मेटा गांव में पिछले कई दिनों से दहशत का पर्याय बनी एक मादा पैंथर आखिरकार वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गई। पैंथर के पकड़े जाने से ग्रामीणों ने गहरी राहत की सांस ली है।

पिछले कुछ दिनों से धर्मेटा गांव में पैंथर की लगातार आवाजाही बनी हुई थी, जिससे ग्रामीण भयभीत थे। ग्रामीणों की लगातार मांग पर वन विभाग ने इलाके में एक पिंजरा लगाया था। शनिवार देर रात ग्रामीणों ने पैंथर की गुर्राहट सुनी और पिंजरे के पास जाकर देखा तो पैंथर पिंजरे में कैद मिला। स्थानीय निवासी हीरालाल पालीवाल ने रेस्क्यू टीम राजसमंद के रेंजर सत्यानंद गरासिया की गश्ती दल, वन्यजीव प्रेमी पन्नालाल कुमावत, घनश्याम पुर्बिया, वनरक्षक गिरधारी सिंह और अटलसिंह को मौके पर बुलाया। टीम ने मौके पर पहुंचकर पुष्टि की कि मादा पैंथर पिंजरे में कैद हो चुकी है। वन विभाग ने डॉक्टर को सूचित कर उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार पैंथर का रेस्क्यू किया।

**कार्यालय उप आवासन आयुक्त**
**राजस्थान आवासन मण्डल, उदयपुर, वृत्त-उदयपुर**
(RHB Office Building पारस तिराहा सेक्टर-11, उदयपुर-313001)
Email-DHCUDPR_RHB@RAJASTHAN.GOV.IN

पत्र क्रमांक:-उप.आ.आ./वृत्त-उदय/2025-26/245 दिनांक:-30.6.2025
Registered

**-: जाहिर आम सूचना ( दोहरा रजिस्ट्री नामान्तरण ):-**

आवास संख्या 6-क-18 माप 136.00 वर्ग यार्ड योजना हिरण मगरी सेक्टर-11 आवासीय योजना शहर उदयपुर द्वारा श्री दौलत सिंह पंवार पुत्र पूनम चन्द पंवार को आवंटन पत्र क्रमांक 2241 दिनांक 05.08.1974 को आवास का आवंटन कर दिनांक 09.10.1974 को कब्जा दिया गया। उक्त आवास का अदेय प्रमाण-पत्र 1811 दिनांक 13.10.1987 द्वारा श्री दौलत सिंह पंवार पुत्र पूनम चन्द पंवार को जारी किया गया एवं प्रथम रजिस्ट्री दिनांक 14.10.1987 द्वारा श्री दौलत सिंह पंवार पुत्र श्री पूनम चन्द पंवार द्वारा अपने पक्ष में निष्पादित करवाई गई।

पंजीयन उपरान्त श्री दौलत सिंह पंवार पुत्र पूनम चन्द पंवार ने उक्तआवास का बैचान बिकावनामा (पंजीकृत) आलेखित कर दिनांक 18.02.1988 को श्री गणेशलाल पुत्र श्री गोवर्धन लाल पालीवाल को किया गया। श्री गणेशलाल पुत्र श्री गोवर्धन लाल पालीवाल ने पुन: उक्त आवास का बेचान बिकावनामा (पंजीकृत) आलेखित कर दिनांक 21.02.1994 को श्री हंसमुख लाल पुत्र श्री डाया भाई को किया गया। इस कार्यालय के पत्रांक 479 दिनांक 25.07.2023 श्री हंसमुख लाल पुत्र श्री डाया भाई को नामान्तरण कार्यालय आदेश जारी किया गया। ततपश्चात श्री हंसमुख लाल पुत्र श्री डाया भाई ने पुन: उक्त आवास का बेचान विक्रय पत्र (पंजीकृत) आलेखित कर दिनांक 13.08.2024 द्वारा श्री मुकेश कुमार जैन पुत्र श्री कनकमल जैन को किया गया। श्री मुकेश कुमार जैन पुत्र श्री कनकमल जैन ने इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उक्त आवास को विक्रय पत्र (पंजीकृत) के आधार पर अपने नाम मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया।अत: इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो 10, दिवस के अन्दर-अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें अन्यथा आपत्ति नहीं होने के कारण आवास संख्या 6-क-19, हिरणमगरी सेक्टर-11 आवासीय योजना, उदयपुर का नामान्तरण श्री मुकेश कुमार जैन पुत्र श्री कनकमल जैन के पक्ष में हस्तानान्तरण कर मण्डल रिकार्ड में दर्ज कर दिया जायेगा।

उप आवासन आयुक्त
राजस्थान आवासन मण्डल, वृत्त-उदयपुर

## नेमा गौशाला परिसर में किया पौधरोपण

**बांसवाड़ा, (निसं)।** नेमा समाज की ओर से नेमा सेवा धाम स्थित नेमा गौशाला परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरियाली संवर्धन की भावना से पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. रागिनी शाह ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधारस्तंभ हैं वे न केवल हमें प्राणवायु और छाया प्रदान करते हैं बल्कि धरती के संतुलन को भी कायम रखते हैं अतः वृक्षों का संरक्षण व संवर्धन हम सभी का परम कर्तव्य होना चाहिए। उन्होंने सभी से पर्यावरण के प्रति जागरूक होने और वृक्षारोपण को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य लाभार्थी पदमा एवं व्योमप्रकाश मालोत रहे। उन्होंने कहा कि पौधरोपण केवल एक औपचारिक दायित्व न होकर हमारी संस्कृति और समाज जीवन का अनिवार्य अंग होना चाहिए।

# मातमी धुनों के साथ निकला मोहर्रम का जुलूस

**राजसमंद, (निसं)।** इस्लाम के पैगम्बर हजरत मोहम्मद स्व्लल्लाहो अलैहिवस्सलम के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में रविवार को मुस्लिम समुदाय ने मातमी धुनों के साथ ताजियों का भव्य जुलूस निकाला।

अंजुमन कमेटी मीडिया प्रभारी शेरखान पठान ने बताया कि इस्लाम के इस्लामिक महीने की 1० तारीख, जिसे "यौम ए आशुरा" भी कहते हैं, पर हजरत इमाम हुसैन की शहादत हुई थी। उनकी शहादत आज भी सब्र, बलिदान और इंसाफ की मिसाल बनी हुई है। जिला मुख्यालय के हुसैनी चौक से ताजियों के साथ मुस्लिम समुदाय के लोगों की भारी संख्या में भागीदारी देखने को मिली। ताजिया जुलूस में डीजे की धुन पर मुस्लिम युवकों ने विभिन्न करतब दिखाए और इमाम हुसैन को शिद्दत से याद किया। राजनगर में इस भव्य जुलूस को देखने के लिए बडी संख्या में मुस्लिम समाज की महिलाएं एकत्रित हुईए जिन्होंने पुष्प वर्षा कर इमाम हुसैन के बलिदान को नमन किया। जुलूस के दौरान जगह.जगह समुदाय के लोगों द्वारा जुलूस में शामिल लोगों के लिए शीतल पेय की व्यवस्था की गई थीए जिससे सहभागियों को राहत मिली। इससे पहले शनिवार रात को शहादत की रात के रूप में मनाया गया और रविवार को सुबह 1० बजे नायकवाडी से ताजियों का जुलूस ढोल और ताशों की गूंज के साथ शुरू हुआ। यह जुलूस मालीवाडा होते हुए पठानवाडी पहुंचा, जहां ताजियों का मुकाम लगाया गया। इसके बाद दोपहर 12 बजे हुसैनी चौक से मुख्य जुलूस शुरू हुआ, जो सिलावट वाडी पहुंचा। यहां नायकवाडी के मोहर्रम की सलामी की गई।

जिसके बाद सभी ताजियों का जुलूस ढोल नगाडे, ताशों की मातमी धुन और या हुसैन के नारों के साथ एक साथ सिलावट वाडी से रवाना हुआ। जुलूस दानी चबूतरा, सदर बाजार, फव्वारा चौक से होते हुए सेवाली पहुंचा, जहाँ पारंपरिक रूप से ताजियों को गुलाब जल के छींटों से ठंडा करने की रस्म अदा की गई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत विसमा पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर ( राज. )**

क्रमांक:-11 दिनांक-06.06.2025

**- ई निविदा सूचना-01/2024-25-**

इस ग्राम पंचायत में DMFT योजनान्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित कार्यो की ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी **sppp.rajasthan.gov.in** व **eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | UBN No |
|---|---|---|
| 1 | राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विसमा (दो कमरे निर्माण- कार्य ) | ZUD2526WSOB00629 |

प्रशासक
ग्राम पंचायत -विसमा
पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत -विसमा
पं.स.सायरा, जिला-उदयपुर

## इमाम हुसैन की याद में मातमी व शहादत का पर्व मनाया

**डूंगरपुर, (निसं)।** मुस्लिम समुदाय द्वारा इमाम हुसैन की याद में मनाये जाने वाला मातमी एवं शहादत का पर्व शनिवार को परम्परागत श्रद्धाभाव के साथ मनाया गया तथा देर शाम को गेंपसागर जलाशय पर निर्धारित कार्यक्र्रमों के तहत ताजियों को अलग अलग कर गेपसागर जलाशय में पानी के छिटो से रस्म अदा की गई। जिसके बाद ताजियों को अलग-अलग खंडो में विभक्त कर इमामबाडो पर ले जाया गया ओर रविवार को प्रात: अलग-अलग स्थानो पर ताजियो को विसर्जन किया जायेगा।

शनिवार को घाटी के ताजिये प्रात:0 बजे घाटी स्थित इमामवाडे से निकाले गये। वही दूसरी ओर जामा मस्जिद ईमामवाड़े से ताजियों का जुलूस प्रातः 9.30 बजे निकाला गया, जो सब्जी मण्ड़ी होता हुआ कानेरा पोल पहुंचा, जहां ताजियो का ठहराव रहा। दूसरे मोहल्लों से भी ताजिये अपने इमामवाड़े से रवाना होकर कानेरा पोल पहुंचें। जहां से सभी ताजियो का ठहराव के पश्चात दोपहर 1 बजे जुलूस के रूप में दर्जीवाड़ा, माणक चौक, फौज का बड़ला होते हुए घाटी स्थित बावरिया बड़ला पहुंचे, जहां सभी ताजियो का ठहराव रहा। इसके पश्चात यहां से दोपहर 3 बजे सभी ताजियें रवाना हुए। जो जुलूस के रूप में घाटी से होते हुए फौज का बड़ला, माणक चौक, सोनिया चौक, कंसारा चौक एवं पुराना अस्तपाल चौराहा पहुंचा। बच्चों व युवाओं द्वारा या हुसैन के नारे लगाए जुलूस के दौरान मुस्लिम युवाओं ने जमकर अखाडा प्रदर्शन किया।


GMCH
GEETANJALI HOSPITAL
HEALTH IS HAPPINESS

बच्चों में मूत्र और किडनी रोगों के लिए



निःशुल्क परामर्श शिविर
07 से 12 जुलाई 2025
10:00 AM to 03:00 PM

शिविर में मिलने वाली सुविधाएं:
निःशुल्क परामर्श | 30% छूट रेडियोलॉजी जाचें | 50% छूट अन्य लैब जाचें

लक्षण :
पेशाब में जलन, बार-बार पेशाब आना | पेशाब में झाग या खून आना | आंखों, पैरों या चेहरे पर सूजन
बार-बार UTI (पेशाब संक्रमण) या बुखार | जन्म से मूत्रमार्ग की रुकावट (PUV/PUJO)
अंडकोष की सूजन या नीचे न उतरना | पेशाब रुकना या टपक-टपक कर आना | उच्च रक्तचाप या लगातार उल्टी
हाइड्रोसील, हाइपोस्पेडियास, फाइमोसिस | विकास में कमी, थकावट, भूख की कमी

नेफ्रोलॉजी (किडनी रोग):
- नेफ्रोटिक सिंड्रोम
- एक्यूट व क्रॉनिक किडनी डिज़ीज
- डायलिसिस (हेमोडायलिसिस व परिटोनियल)
- जन्मजात किडनी विकृति
- हाई BP से संबंधित किडनी समस्याएं

यूरोलॉजी (मूत्र रोग):
- पेशाब रुकावट (PUV/PUJO)
- बार-बार पेशाब या बिस्तर गीला करना
- अंडकोष संबंधित समस्याएं
- पेशाब की थैली व नली में जन्मजात समस्याएं
- हाइड्रोसील, हर्निया, फाइमोसिस, हाइपोस्पेडियास

पूर्ण रूप से समर्पित PICU & NICU सेवाएं
बाल व शिशु रोग विभाग, 1st फ्लोर
73000 81575
24/7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध

मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना | राजस्थान गवर्नमेंट हैल्थ स्कीम (RGHS)
सभी सरकारी, निजी, टी.पी.ए. (TPA) व इन्श्योरेन्स से अधिकृत।
गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
एकलिंगपुरा चौराहा के पास, उदयपुर (राज.) 0294 2500044


## सदस्यता अभियान जारी

**राजसमंद, (निसं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के वार्षिक सदस्यता अभियान का दूसरा चरण उप शाखाओं में संकुल स्तर पर व्यापक रूप से चलाया जा रहा है। संगठन के जिला मंत्री सुजीत कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मई माह में प्रथम चरण का अभियान देश में बनी युद्ध की स्थिति के कारण देश प्रथम का भाव रखते हुए स्थगित किया गया था।

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

**बांसवाड़ा, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी मंडल छोटी सरवन ग्राम पंचायत दानपुर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी पूर्व प्रधान जिला परिषद सदस्य राजेश कटारा ने मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाष डाला।

कटारा ने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, महान शिक्षाविद थे। उनका जीवन आदर्श, राष्ट्रवादी विचार एवं राष्ट्रीय एकता, अखंडता व संप्रभुता के लिए सर्वोच्च बलिदान हम सभी को सदैव प्रेरणा देता रहेगा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष गोरी शंकर मईडा, सरपंच शंकरलाल मईडा, संजय माहेश्वरी, पस सदस्य दिनेश यादव, मंडल महामंत्री प्रेमसिंह भाटी, भाजयुमो महामंत्री रामलाल मईडा, डा विजय मईडा, बूथ अध्यक्ष ईश्वरलाल मईडा, लालचंद मईडा, सोहनलाल मईडा, जीवनलाल मईडा, पप्पन मईडा, यश पंवार, यश जैन, सौरव जोशी, राजवीर सिंह, मंथन राठौड़, लक्ष्मण मईडा, सतीश मईडा, राहुल मईडा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।मुखर्जी जयंती पर टामटिया व चौथमाल बुथ पर पौधारोपण किया।

## युवकों ने किया अखाड़ा प्रदर्शन

**कपासन, (निसं)।** मोहर्रम पर्व के अवसर पर मुस्लिम समाज द्वारा परंपरागत ताजिये का जुलूस निकाला गया। मोमिन मोहल्ला स्थित इमाम बाड़े से सुबह 11 बजे जुलूस की शुरुआत हुई जुलूस जमा मस्जिद चौक से होते हुए कलंदरी चौक पहुंचा। जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। ताजिये के आगे युवक ढोल और ताशे बजा रहे थे। कुछ युवक अखाड़ा प्रदर्शन भी कर रहे थे।

जुलूस बस स्टैंड और कुम्हार मोहल्ला होते हुए लोडकिया बाजार, पीपली बाजार और पुलिस चौकी, सुनारा मंदिर चौक से होते हुए शाम को ये राजेश्वर सरोवर तालाब पहुंचा।

**आम सूचना**

हम कि भंवरलाल पुत्र श्री नारायणलाल लखारा एव श्रीमती सुगना देवी पत्नी भंवरलाल लखारा, निवासी पाटिया-भीम, तहसील भीम, जिला राजसमंद के होकर जाहिर आम सूचना प्रकाशित करते हैं कि हम पति-पत्नी की निजी जायदाद ग्राम पाटिया-भीम में स्थित है जिसके पट्टे ग्राम पंचायत भीम द्वारा पट्टा सं. 29,30 एवं 2855 हमारे नाम से जारी किए हुए है इसी से जुडवा हमारी खातेदारी भूमि ग्राम भीम की आरजी ख.सं.8722,8723 एवं 16028/8725 स्थित है और उपरोक्त जायदाद बाबत दिनांक 16/8/2024 को हमने हमारे तीनों पुत्र क्रमशः घनश्याम, अशोक एवं गौतम लक्षकार के पक्ष में एक इकरार नामा वास्ते आपसी बंटवारा बाबत निष्पादित करवाया था किन्तु हमारे तीनों पुत्र हमारे कहने में नहीं है और इस इकरार नामे के पश्चात उन्होंने हमें उपेक्षित कर दिया है और वे अपनी मनमर्जी पर आमादा है तथा उक्त जायदाद को खुर्द-बुर्द एवं बैचान करना चाहते हैं। एतद् जरिए इस आम सूचना के सर्वसाधारण को सूचित कियाजाता है कि हमारे द्वारा दिनांक 16/8/2024 को किए गए इकरार नामा वास्ते आपसी बंटवारा तथा इससे पूर्व भी इस बाबत कोई अन्य इकरार हो तो उन्हें निरस्त किया जाता है और भविष्य में उपरोक्त जायदाद बाबत यदि हमारे उपरोक्त तीनों पुत्रों में से किसी के भी द्वारा कोई वित्तीय लेन-देन, क्रय-विक्रय अथवा अन्य किसीभी प्रकार का संव्यवहार किया जाता है तो उसमें हमारी किसी भी प्रकार की सहमति नहीं मानी जाएगी तथा वे शून्य माने जाएंगे और उनकी व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी।

द्वारा-भंवरलाल लखारा एवं श्रीमती सुगना देवी लखारा

# दातापति हनुमान मंदिर में सुन्दरकाण्ड पाठ व भजन संध्या संपन्न

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हिरण मगरी सेक्टर चार स्थित दाता पति हनुमान मंदिर में आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष की दशमी, शनिवार को सायंकाल संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन हुआ। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन श्री दाता सत्संग मण्डल, उदयपुर के रमेश श्रीमाली एवं उनकी टीम द्वारा किया गया।

इस अवसर पर रमंदिर के महंत रामदास वैष्णव ने जानकारी देते हुए बताया कि शाम 6:30 बजे से 8:30 बजे तक चले संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ से मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें मंडल के सदस्य महेन्द्र सिंह चुंडावत ने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर आसपास की कॉलोनियों के निवासियों ने बडी संख्या में उपस्थित होकर सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भजन संध्या का आनंद लिया। कार्यक्रम की शुरुआत में महंत रामदास वैष्णव ने श्री दाता सत्संग मंडल के सभी सदस्यों का तिलक कर एवं उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया। भजन संध्या के उपरांत मंडल के सदस्य सूर्य प्रकाश श्रीमाली, मोहन छिपा, शिव सोनी द्वारा मंदिर के महंत रामदास वैष्णव, मंदिर के कार्यकर्ता हरीशंकर पालीवाल एवं प्रकाश गायरी को तुलसी की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिसर भक्तों से भरा रहा और रात्रि 9 बजे के बाद सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने खीर-पूरी का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान हल्की बारिश भी होती रही, जिससे पूरा वातावरण और अधिक शांतिमय एवं भक्तिरस से सराबोर हो गया।